सार-समाचार

बाल वाहिनियों का निरीक्षण

बांसवाड़ा । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर ने जिले में संचालित बाल-वाहिनियों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिये है। जिसकी पालना में प्राधिकरण सचिव कौशल सिंह ने विभिन्न विद्यालयों की बालवाहिनियों की आकस्मिक जांच की। सिंह ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर ने बाल वाहिनियों के सुरक्षा सम्बन्धी तमाम निर्देशों के बावजूद समाचार पत्रों में बाल वाहिनियों के खतरनाक तरीके से संचालन की खबरें प्रकाशित होने को संज्ञान में लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को बालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बालवाहिनियों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि प्राप्त निर्देशों की पालना में बालवाहिनियों की आकस्मिक जांच के दौरान टायनी टॉट्स स्कूल की बालवाहिनियों में कमी पाई गई जिस पर जिला परिवहन अधिकारी पकंज शर्मा ने मौके पर ही विद्यालय में दो बालवाहिनियों के चालान काटे। बीवीबी स्कुल राती तलाई में बालवाहिनियों की जांच के दौरान वाहन में क्षमता से अधिक बच्चें होने एवं दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण मौके पर ही यातायात निरीक्षक विरभद्र सिंह एवं उनकी टीम ने दो बालवाहिनियों के चालान बनाये गये। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि बालवाहिनियों की आकस्मिक जांच में निर्धारित बिन्दुओं जैसे वाहन का रंग, वाहन पर स्कुल ड्यूटी लिखा होना, वाहन पर वाहन चालक एवं विद्यालय का विवरण, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस सिस्टम, आपातकालीन निकास, विशेष बच्चों हेतु सुविधा, वाहन चालक एवं सहायक के वैद्य लाइसेंस व पहचान दस्तावेज, वाहन चालक का भारी वाहन चलाने का अनुभव, पूर्व में गंभीर चालान अथवा दुर्घटना रिकॉर्ड पर ड्राईवर को अयोग्य माना जाना, निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बालवाहिनी में बिठाना, बालवाहिनी की गति निर्धारित सीमा में हो, वाहन चालक व सहायक का समय-समय पर मेडिकल परीक्षण, बालवाहिनी में चढने उतरने का सुरक्षित स्थान, बालवाहिनियों की समठा फिटनेस आदि के सम्बन्ध में जांच की गई। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि जांच के दौरान जानकारी भी दी गई कि निर्धारित मानक अनुसार बालवाहिनियों का संचालन नहीं करने एवं क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बैठाना दुर्घटना की स्थिति में बड़ी जनहानि का कारण बन सकता है। बालवाहिनियों की आकस्मिक जांच के दौरान जिला परिवहन अधिकारी पंकज शर्मा, यातायात पुलिस प्रभारी विरभद्र सिंह, सत्यनारायण सिंह, मांगीलाल विश्नोई, राजमल, किशोर गणावा एवं प्राधिकरण के जगमाल सिंह मौजूद रहे।

मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता

बांसवाड़ा । राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सर्वजीत दूबे ने मानवाधिकारों की अवधारणा, भारतीय संविधान तथा समकालीन संदर्भ में मानवाधिकारों की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानवाधिकार केवल संवैधानिक अधिकार ही नहीं बल्कि सामाजिक और नैतिक उत्तरदायित्व भी हैं। प्रत्येक नागरिक को दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। इसके पश्चात कार्यक्रम संचालक एवं व्याख्याता विजय सिंह ने मानवाधिकारों और साइबर सुरक्षा के बीच संबंधों, डिजिटल निजता तथा ऑनलाइन सुरक्षा के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में निजता का अधिकार भी पूर्ण मानवाधिकार है इसलिए युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में ओमप्रकाश सचदेवा ने मानवता, करुणा और संवेदना पर आधारित प्रेरणात्मक गीत प्रस्तुत किए जिन्होंने कार्यक्रम में विशिष्ट भावनात्मक और सांस्कृतिक वातावरण निर्मित किया। एनएसएस प्रभारी मनोज कुमार ने मानवाधिकार संरक्षण में एनएसएस के योगदान, जनजागरूकता, और छात्र-भागीदारी की भूमिका पर प्रकाश डाला। का संचालन विजय सिंह ने किया जबकि आभार ओमप्रकाश सचदेवा ने माना। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लेते हुए मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी का संदेश दिया।

खाटूश्याम कीर्तन 14 को

उदयपुर । श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से 14 दिसम्बर को खाटूश्याम कीर्तन सायंकाल 6 बजे से सेक्टर 14, एफ ब्लॉक, सी ए सर्कल के पास गरबा चोक प्रांगण मे होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष शशिकांत खेतान ने बताया कि देश मे अनूठी पहचान बनाने वाली नीमच से कनिका ग्रोवर आ रही है। इसी प्रकार देश के कोने कोने मे उदयपुर का नाम रोशन करने वाली केमिता राठौड, अंजलि चिराग आचार्य भी श्याम भजनो से आनंदित करेगें। पाण्डाल को अनिल वैद अन्तिम रुप देने मे जुटे है तो मैन रोड से पाण्डाल तक रगं बिरंगी लाईटो से हरि भाई चमकायेगें। फूलमालाओ से बाबा का दरबार जयपुर के साँवरिया डेकोरेटर सजाकर श्रृंगार करेंगे। संगतकार नीमच से उमेश म्यूजिकल ठ्रुप का दल आ रहा है।

क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

बांसवाड़ा । अंकुर सीनियर सैकेंडरी स्कूल में साप्ताहिक गतिविधियों के अंतर्गत अंतरविद्यालयी क्रिकेट टूर्नामेंट में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों की दस टीमों ने रोमांचक मुकाबलों में भाग लिया। फाइनल मुकाबला कक्षा 9 और 12 के बीच खेला गया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनीष देव जोशी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विद्यालय के सचिव शैलेन्द्र सराफ ने उनका स्वागत किया। जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस करवाया। टॉस जीतकर कक्षा 12 ने फील्डिंग का निर्णय लिया। कक्षा 9 की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 12 को मात्र 36 रन पर आल आउट कर जीत दर्ज कराई। प्रिंस चिश्ती को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच और दक्ष को बेस्ट बॉलर के खिताब से सम्मानित किया गया। डॉ रक्षा सराफ ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। मैच की कमेंट्री हितेश पाठक ने की वहीं एम्पायर कौशल राठौर एवं दिव्य गुप्ता रहे। आभार शारीरिक शिक्षक हरीश पंवार ने माना।

झीलों की नगरी में 21 से 5 जनवरी तक रहेगा टूरिज्म बूम

■ होटल्स हुई मंहगी न्यू ईयर को लेकर होटल्स में 80 फीसदी से ज्यादा हो चुकी बुकिंग

उदयपुर । झीलों की नगरी में क्रिसमस और न्यू ईयर के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। होटल्स, होम स्टे और रिसॉर्ट्स में न्यू ईयर के लिए 80 प्रतिशत से ज्यादा बुकिंग हो चुकी है। 21 दिसंबर से 5 जनवरी तक पर्यटन में तेज उछाल के कारण ज्यादातर प्रीमियम होटल्स में 90 फीसदी से ज्यादा कमरे बुक हो गए हैं जिससे होटल इंडस्ट्री में उत्साह का माहौल है।

इस बार साल के आखिरी दिनों में विदेशी पर्यटकों की अच्छी संख्या में आने की उम्मीद है। होटल व्यवसायियों का कहना है कि दिसंबर में गोवा के बाद उदयपुर ही सबसे ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहां 900 से ज्यादा होटल्स.रिसॉर्ट हैं जबकि 550 से ज्यादा होम स्टे, गेस्ट हाउस और विला हैं।न्यू ईयर वीकेंड (29 दिसंबर से 1 जनवरी) के लिए बडे होटल्स और रिसॉर्ट में एक कमरे का किराया 3 से 4 गुना बढ गया है जिसमें गाला डिनर भी शामिल है। पिछले साल की तुलना में इस बार पैकेज और होटल रेट्स में 15 फीसदी तक की बढोतरी हुई है।

सामान्य दिनों में इन्हीं होटल्स में रूम का किराया 5 से 10 हजार रुपए तक रहता है जो न्यू ईयर पर 25 से 40 हजार रुपए तक पहुंच गया है। जबकि 5 स्टार होटल्स में यह किराया 60 हजार से एक लाख रुपये तक है। इस बार लोग परिवार और दोस्तों के ठ्रुप के साथ बडे विला को पसंद कर रहे हैं। झील किनारे वाले होटल्स की बुकिंग सबसे ज्यादा हैए जहां सामान्य दिनों की तुलना में 8 से 10 गुना महंगे कमरे बुक हो रहे हैं। सभी कैटेगरी के होटल्स की रेट्स अलग.अलग हैं।प्रमुख रिसॉर्ट,हेरिटेज और लेक.साइड होटल्स 26 दिसंबर से 2 जनवरी तक पूरी तरह बुक हैं। बचे हुए होटल्स में भी 20 से 40 हजार रुपए तक की बुकिंग मिल रही है। 31 दिसंबर के ग्रैंड सेलिब्रेशन के लिए कई ठ्रुप्स कॉर्पोरेट और इंटरनेशनल गेस्ट ने 1 से 3 दिनों तक होटल बुक कराए हैं।

न्यू ईयर पर होटल्स और रिसॉर्ट में स्पेशल सेलिब्रेशन प्रोग्राम आयोजित होंगे, जैसे डीजे पार्टी, कल्चरल शो,थीम नाइट्स और लाइव म्यूजिक। 31 दिसंबर की रात को यादगार बनाने के लिए होटल इंडस्ट्री महीनों से तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार न्यू ईयर पर उदयपुर में 300 से ज्यादा इवेंट्स होंगे। इसको लेकर सभी होटल्स में तैयारियां की गई है। विदेशियों के लिए मेवाडी परंपराओं का भी थीम शामिल किया गया है ताकि वे यहां से कुछ नया फील कर पाए। उदयपुर में जनवरी के पहले सप्ताह में एक रॉयल वेडिंग होने जा रही है। फिल्म एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन नुपूर सेनन की उदयपुर में वेडिंग होगी। नुपूर भी कई वेब सीरीज और फिल्मों में काम कर चुकी है। फरवरी में रश्मिका मंदकाना और विजय देवगोंडा की शादी की भी चर्चा है। आपको बतादें कि उदयपुर में पर्यटन सीजन के दौरान होटल इंडस्ट्री ऑफर भी लेकर आती है। इस बार भी कई होटल्स की तरफ से पैकेज जारी किए हैं। पर्यटन से जुडे लोगों के अनुसार इस बार भी पर्यटन तेजी पर रहेगा।इस बार सभी होटल्स में 80 से 90 फीसदी की बुकिंग हुई है। टूरिस्ट की भीड के पीछे शिल्पग्राम महोत्सव भी बडा कारण है।

यौन संक्रमित रोगों पर दी जानकारी

बांसवाडा । मामा बालेश्वर दयाल राजकीय महाविद्यालय, कुशलगढ़ में महिला प्रकोष्ठ एवं प्राणीशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यौन संक्रमित रोगों पर ऑनलाइन व्याख्यान प्राचार्य प्रो. महेन्द्र कुमार देपन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता जेएलएन मेडिकल कॉलेज, अजमेर की डॉ. नेहा यादव ने छात्राओं एसटीएलएस के प्रकार, कारण, लक्षण, रोकथाम, सुरक्षित व्यवहार, स्वच्छता, हेल्थ चेकअप और वैक्सीनेशन की महत्ता बतायी। उन्होंने कहा कि अधिकांश यौन संक्रमित रोग समय रहते पहचान और उपचार से पूरी तरह ठीक हो सकते हैं इसलिए युवतियों में जागरूकता और सतर्कता की आवश्यक है। प्राचार्य प्रो. महेन्द्र कुमार देपन ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यौन स्वास्थ्य से जुडी सही जानकारी न केवल व्यक्तिगत सेहत बल्कि समाज के स्वस्थ विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

स्वच्छता, प्लास्टिक प्रतिबंध पर सख्ती के निर्देश

उदयपुरे। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के प्रकरण संख्या 606/2018 के अंतर्गत गठित स्पेशल टास्क फोर्स तथा ठोस कचरा निस्तारण समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर जितेंद्र ओझा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल शरद सक्सेना, स्थानीय निकाय विभाग के उपनिदेशक विनोद कुमार, सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य तथा विभिन्न नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत पर गीले एवं सूखे कचरे का पृथकीकरण, पृथक परिवहन, एमआरएफ प्लांटों के प्रभावी संचालन, सार्वजनिक स्थानों की सफाई व्यवस्था और सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर रोकथाम की विस्तृत समीक्षा की गई। क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय की सूचना प्रदान करने वाले नागरिकों के लिए जून 2024 से पारितोषिक योजना लागू है। उन्होंने स्थानीय निकायों को इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष जन-जागरुकता गतिविधियाँ चलाने के निर्देश दिए, ताकि प्लास्टिक प्रतिबंध को पूरी तरह लागू किया जा सके। स्पेशल टास्क फोर्स बैठक के बाद जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।

ई- लॉटरी का आयोजन 18 को

उदयपुर । उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कुल 1109 आवासीय भूखण्डों के आवंटन हेतु ई- लॉटरी का आयोजन 18 दिसम्बर को प्रात 11 बजे सामुदायिक केन्द्र, साउथ एक्स्टेंशन, बलीचा उदयपुर में किया जाएगा। यूडीए आयुक्त राहुल जैन बताया कि ई- लॉटरी पूर्णत: ऑनलाईन माध्यम से, पूर्ण पारदर्शिता के साथ, जिला कलेक्टर द्वारा नामित प्रतिनिधि, प्राधिकरण अधिकारियों एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की जायेगी। आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर ई- लॉटरी की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सकते हैं। लॉटरी के पश्चात सफल आवेदकों की सूची तथा प्रतीक्षा सूची प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। सफल आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन का शिड्यूल प्राधिकरण की वेबसाईट पर पृथक से जारी की जाएगी।

आपत्तिजनक स्टोरी लगाने वाला गिरफ्तार

बांसवाडा । शहर के पाला मस्जिद के अंदर जाकर इंस्टाग्राम आईडी पर आपत्तिजनक स्टोरी लगाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थानाधिकारी रूपसिंह ने बताया कि मामले में सदर अंजुमन इस्लामिया शोएब खान ने रिपोर्ट दी कि पुष्पेन्द्र पुत्र कुरिया यादव निवासी गामठवाड़ा सागवाड़ा, मनोज खांट निवासी खांटवाड़ा व गोपी निवासी बांसवाड़ा ने 8 दिसम्बर को अंजुमन इस्लामिकया के सामने कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्टर लगाये थे जिसके कारण रात्रि में हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के बहुत से लोग पाला रोड़ पर एकत्रित हो गये। दोनों पक्षों ने पोस्टर हटा दिये। 9 दिसम्बर को पुष्पेन्द्र ने सोशल मीडिया पर अपने सोशल हेन्डलर से भिन्न-भिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भड़काउ भाषण एवं सदर तथा मुस्लिम समाज के विरूद्ध धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली टिप्पणियां करते हुए कई पोस्ट डाले। आरोपी ने मस्जिद में प्रवेश पर भड़काउ, अभद्र व धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली टिप्पणियों वाले वीडियो बनाये और इंस्टाग्राम आईडी पर स्टोरी लगाई जिसमें सदर को जान से मारने की खुली धमकी दी जा रही थी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। इधर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, एएसपी नरपत सिंह के सुपरविजन व वृताधिकारी गोपीचंद मीणा के निकट पर्यवेक्षण्सा में थानाधिकारी कोतवाली व राजतालाब मय जाप्ता के निर्देशन में कार्यवाही शुरू की। पुलिस ने मामले में सोएब खान के बयान दर्ज कर घटना से संबंधित पेनड्राईव व पेशशुदा फोटो का विश्लेषण कर आरोपी का मोबाईल जब्त किया। पुष्पेन्द्र जो कि वर्तमान में बांसवाड़ा में रहता है के विरूद्ध जूर्म प्रमाणित पाये जाने से उसे गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी रूपसिंह ने बताया कि मामले में मनोज व गोपी की संलिप्तता के संबंध में साक्ष्य एकत्रित कर विधिसंवत कार्यवाही की जायेगी। पुलिस टीम में कोतवाली थानाधिकारी रूपासिंहसाईबर सेल सहायक उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह व कांस्टैबल मोहित जोशी, धीरज व अंकित शामिल रहे।

एसआईआर पर नजर रखेंगे कांग्रेस के प्रभारी सह प्रभारी

उदयपुर । उदयपुर देहात जिला कांग्रेस विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अंतिम चरण में मिसिंग वोटर्स पर पैनी नजर रखने जा रही है। पार्टी ने इस अभियान में अनियमितताओं पर सवाल उठाते हुए अब हर विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी और सह.प्रभारी नियुक्त किए हैं,ताकि लापता मतदाताओं की तलाश और आवेदन प्रक्रिया पर मजबूत समन्वय स्थापित हो सके। विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान अब अंतिम चरण में है। 11 दिसंबर आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि है। ऐसे मतदाता जिनका कोई पता नहीं चल पा रहा है। ये ऐसे मतदाता हैं जिन्हें बीएलओ ही नहीं, सरपंच से लेकर राजनीतिक दल भी तलाश रहे हैं। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद ज्यादातर का पता नहीं चल पाया है। ऐसे मिसिंग मतदाताओं पर पूरी ताकत लगाने के साथ ही इस प्रक्रिया पर ये प्रभारी और सह प्रभारी नजर रखेंगे। जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा ने इस पहल के तहत विभिन्न विधानसभाओं में जिम्मेदारियां सौंपी हैं। वल्लभनगर में अर्जुन लाल मेनारिया प्रभारी और सौरभ शर्मा सह.प्रभारी,मावली में जमनालाल शर्मा और ललित गुर्जर,खेरवाडा में अमर सिंह झाला और नारायण लाल मीणाए झाडोल में महेश त्रिपाठी और शिव लाल गुर्जर, तथा सलूंबर में रामलाल गायरी प्रभारी व नवल सिंह चुंडावत सह.प्रभारी बनाए गए हैं। अध्यक्ष मीणा ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नई दिल्ली में आयोजित होने वाली चोर गद्दी छोड महारैली में उदयपुर देहात जिला कांग्रेस की अधिकतम एवं प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भी फील्ड में काम करने और समन्वय बनाने का इन प्रभारियों और सह प्रभारियों को जिम्मा दिया है।

सडक सुरक्षा पखवाडा आज से

डूंगरपुर। राज्य सरकार की वर्तमान सरकार को 2 वर्ष पूर्ण होने पर एवं सडक दूर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राज्य भर में 11 दिसम्बर 2०25 से 25 दिसम्बर 2०25 तक सडक सुरक्षा पखवाडा मनाया जायेगा।

जिला परिवहन अधिकारी मनीष माथुर ने बताया कि 11 दिसम्बर 2०25 को तहसील चौराहा पर वाहन धारियों को फूल एवं चॉकलेट देकर समझाईश के कार्यक्रम से शुभारंभ होगा। जिसके साथ आगामी 15 दिवस की कार्य योजना जिला कलेक्टर सिंह के अनुमोदन के पश्चात परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग डूंगरपुर ने जारी कर दी है।

सूचना केंद्र भ्रमण से उत्साहित नजर आए बच्चे

उदयपुर । शहर के अम्बावगढ़ क्षेत्र स्थित द जूनियर स्टडी विद्यालय के विद्यार्थियों को एक्सपोजर ट्रिप के तहत बारी बारी से सूचना केंद्र का अवलोकन करवाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कक्षा 4 के लगभग 50 विद्यार्थियों का दल सूचना केंद्र पहुंचा। विद्यार्थियों ने सूचना केंद्र के पुस्तकालय, वाचनालय एवं आर्काइव अनुभाग का भ्रमण किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक व सूचना केंद्र प्रभारी गौरीकांत शर्मा ने बताया कि बच्चों ने विभिन्न विषयों की पुस्तकों, समाचार पत्रों व पत्रिकाओं को बड़े उत्साह से देखा। वाचनालय में अनुशासित अध्ययन प्रक्रिया की जानकारी मिलने से विद्यार्थी विशेष रूप से प्रभावित हुए। आर्काइव अनुभाग में दशकों पुराने समाचार पत्रों को धरोहर के रूप में संरक्षित देख बच्चे रोमांचित नजर आए। सूचना केंद्र कर्मचारियों द्वारा बच्चों को पुस्तकालय की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बांसवाड़ा । कुशलगढ़ थाना पुलिस ने ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत 25 वर्ष से फरार 5 हजार रूपये के ईनामी स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। रेंज स्तरीय वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत पुलिस टीम जिसमें एएसआई धमेन्द्र सिंह व लोकेन्द्र सिंह, कांस्टेबल श्रवण सिंह व मनोज शामिल रहे।

विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन 11 को

उदयपुर । उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान का विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन 11 जनवरी 2026 को सेक्टर 13 स्थित आशीष वाटिका में होने जा रहा है जिसकी तैयारियां चरम पर चल रही है।

मुख्य संयोजक सुरेश अग्रवाल ने बताया कि इस निमित्त राजस्थान सहित मध्य प्रदेश गुजरात और आसपास के राज्यों में भी आवेदन फॉर्म भेजे गए हैं और इसके लिए अग्रवाल परिवारों में विवाह योग्य युवक यूवतियों के आवेदन फार्म बडी संख्या में पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में आवेदन फार्म को अति शीघ्र एवं सरलता से भिजवाने हेतु ऑनलाइन लिंक की लॉन्चिंगआज पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष के के गुप्ता के सानिध्य में की गई एवं उसे लिंक के आधार पर प्रत्याशी अपना बायोडाटा और फोटो अपलोड करके सीधा ही भिजवा सकेगा। जिला महामंत्री चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की लॉन्चिंग से पूर्व बैठक कर कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारी की समीक्षा की गई एवं विभिन्न विभिन्न कार्यों के लिए विभिन्न पदाधिकारी को जिम्मेदारी दीगई। इस अवसर पर यह भी निर्णय लिया गया कि परिचय सम्मेलन में यदि रिश्ते होते हैं तो मध्य एवं अल्प आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन भी उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा किया जाएगा। यह निर्णय भी लिया गया कि जितने भी फॉर्म आ रहे हैं आवेदन के लिए उन सभी को व्यक्तिगत रूप से फोन करके कार्यक्रम में आवश्यक रूप से सहभागिता हो इसके लिए उन्हें आमंत्रित किया जाएगा।

इस अवसर पर पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के के गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाने के कार्य पर फोकस करने का निर्देश दिया। जिला महामंत्री चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर एक बहुरंगीय परिचय पुस्तिका अग्र परिचायिका 2026 का प्रकाशन किया जाएगा जिसमें सभी विवाह योग्य युवक युवतीयो का संपूर्ण परिचय मय फोटो के अलग अलग वर्ग अनुसार प्रकाशित किया जायेगा। महामंत्री चंचल अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, राजस्थान के राज्यपाल हरी भाऊ किसनराव बागडे,केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल,दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, हाई कोर्ट के पूर्व जज मनोज गर्ग, भीलवाडा के सांसद दामोदर लाल अग्रवाल आदि को आमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र अग्रवाल, जिला महामंत्री चंचल कुमार अग्रवाल, परिचय सम्मेलन के मुख्य संयोजक एवं जिले के सह मंत्री सुरेश अग्रवाल, सतीश गोयल, महिला समिति जिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला गुप्ता रमा मित्तल श्रीमती शीला अग्रवाल अंजलि गुप्ता श्रीमती अंजना अग्रवाल युवा सम्मेलन के जिला अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल महामंत्री नलिन अग्रवाल कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/तामिर./2025/15327 दिनांक : 9/12/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस(कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री रवीन्द्र कुमावत पिता स्व.श्री मदनलाल कुमावत निवासी-फोज मौहल्ला, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-18 क्षेत्रफल-1477.50 वर्गफिट, केशव नगर, भलावतो का खेडा नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-19	40 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-17	30 फिट रोड
2	श्री भावेश कुमावत पिता स्व.श्री मदनलाल कुमावत निवासी-फोज मौहल्ला, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-20 क्षेत्रफल-1250 वर्गफिट, केशव नगर, भलावतो का खेडा नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-21	भूखण्ड संख्या-19	भूखण्ड संख्या-15	30 फिट रोड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका कपासन जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक:-न.पा.क./भूमि/2025-26/4119-20 दिनांक : 09-12-2025

-: लोक सूचना:-

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारों द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात :-

क्र. सं.	नाम आवेदन/ खातेदार	जिले स्त्रहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षैत्र
1.	श्री अख्तर हुसैन पिता श्री मोहम्मद याकुब	तह.कपासन जिला चित्तौड़गढ़	कपासन	आराजी नं. 7807/7379 रकबा 0.0550 हैक्टेयर	आराजी नं. 7807/7379 रकबा 0.0550 हैक्टेयर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है औरतदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक09/12/25 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी
(अधिशाषी अधिकारी) नगर पालिका, कपासन

कार्यालय ग्राम पंचायत थाणा, प.स.ऋषभदेव,जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-19 दिनांक-9/12/2025

खुली बोली ई निविदा सूचना

ग्राम पंचायत थाणा पंचायत समिति ऋषभदेव में निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई निविदा दिनांक 16.12.2025 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB N0 . ZUD2526A2515
UBN N0 . ZUD2526WSOB02949
Tender ID N0 .....

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत थाणा,पं.स.
ऋषभदेव, जिला-उदयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत ऋषभदेव, प.स.ऋषभदेव, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-318 दिनांक-9/12/2025

खुली बोली ई निविदा सूचना

ग्राम पंचायत ऋषभदेव पंचायत समिति ऋषभदेव में निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई निविदा दिनांक 16.12.2025 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB N0 . ZUD2526A2516
UBN N0 . ZUD2526WSOB02950
Tender ID N0 .....

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ऋषभदेव,पं.स.
ऋषभदेव, जिला-उदयपुर (राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत पानवा, प.स.ऋषभदेव, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-28 दिनांक-9/12/2025

खुली बोली ई निविदा सूचना

ग्राम पंचायत पानवा पंचायत समिति ऋषभदेव में निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई निविदा दिनांक 16.12.2025 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB N0 . ZUD2526A2514
UBN N0 . ZUD2526WSOB02948
Tender ID N0 .....

प्रशासक
ग्राम पंचायत पानवा,पं.स.
ऋषभदेव, जिला-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पानवा,पं.स.
ऋषभदेव, जिला-उदयपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत ओड़ा प.